ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्ष: 3 अंक : 182
मेरठ, शुक्रवार, 3 मई 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



बजाज फार्महाउस में लगी भीषण आग.. 6

राष्ट्रहित सर्वोपरि

छात्र आंदोलन और अमेरिकी सख्ती पर सवाल.... 4

# सर्वेक्षणों की आड़ में वोटरों का विवरण मांगना बंद करें : आयोग




नयी दिल्ली, (एजेंसी) निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है। आयोंग ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसने कहा है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

## भारत जोड़ो का समापन 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा : शाह




बरेली : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी मगर इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा। शाह ने बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में कहा, 'हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन 'इंडी' चुनाव लड़ रहा है। इनके शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की थी। परंतु, मैं आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की गई थी मगर चार जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो' यात्रा से इसका समापन होने वाला है।' उन्होंने दावा किया, 'दो चरण के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन से भी नजर में नहीं आ रही है और नरेन्द्र मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं।' गृह मंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर भी कांग्रेस की आलोचना की। साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंदिर निर्माण ट्रस्ट की ओर से निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गये क्योंकि उन्हें अपने 'वोट बैंक' वालों का डर था कि अगर वहां जाएंगे तो वोट नहीं मिलेगा। 'आपको मालूम है न कि कौन सा वोट बैंक है उनका?' उन्होंने आरोप लगाया, 'अखिलेश जी खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और सोनिया जी बेटे (राहुल गांधी) को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। जो अपने बेटे, बेटी, पत्नी, भाई, भतीजे को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजनीति में हो, वह बरेली के युवाओं का भला कैसे कर सकता है?'

## धर्मेंद्र प्रधान ने संबलपुर से नामांकन किया दाखिल



संबलपुर : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के संबलपुर से लोकसभा चुनाव के वास्ते नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधान ने कहा,' ओडिशा में परिवर्तन की मांग है और भाजपा राज्य में न केवल लोकसभा बल्कि विधानसभा चुनाव भी जीतने के लिए संकल्पबद्ध है।' मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रधान 15 साल के बाद चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पिछला चुनाव में 2009 में भाजपा-बीजू जनता दल गठबंधन टूट जाने के बाद लड़ा था।

## भाजपा ऐसे लोगों को आगे बढ़ाती है जो भ्रष्ट हैं : प्रियंका



चिरमिरी : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा में केवल दो तरह के नेताओं को बढ़ावा दिया जाता है, एक जो भ्रष्ट हैं और दूसरे वे जो लोगों के कल्याण के मुद्दे पर नहीं बोलते। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के चिरमिरी शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में आयोजित इस रैली में उन्होंने कहा कि भाजपा की योजना लोगों को पांच किलो राशन देकर उन्हें अपने ऊपर निर्भर बनाना है। उन्होंने लोगों से उनसे रोजगार मांगने के लिए कहा।

## उमर अब्दुल्ला ने बारामूला से भरा नामांकन



श्रीनगर : नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उमर अब्दुल्ला का मुकाबला पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और अलगाववादी से नेता बने सज्जाद लोन से है। पीडीपी ने यहां से मीर फ्याज को उतारा है।

## एक नजर..

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप, उन्होंने नकारा



नयी दिल्ली पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर एक महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। उधर, बोस ने कहा कि चुनाव के बीच में विवाद पैदा करने के लिए उन पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। बोस के खिलाफशिकायतकर्ता कथित तौर पर राजभवन की एक अस्थायी कर्मचारी हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि एक महिला ने आरोप लगाया है कि जब वह राजभवन में राज्यपाल से मिलने गई थी तो उसके साथ छेड़छाड़ की गई। कितना भयावह और भयानक। सांसद ने यह भी दावा किया कि शिकायतकर्ता को शिकायत दर्ज कराने के लिए कोलकाता के हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

### 'रील' बना रही छात्रा ट्रेन से टकराई, मौत



हरिद्वार (एजेंसी)उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रूड़की में सोशल मीडिया 'रील' बनाने के चक्कर में इंजीनियरिंग की एक छात्रा रेलगाड़ी की चपेट में आ गई। पुलिस ने बताया कि मौके पर ही छात्रा की मौत हो गई। गंगनहर कोतवाली के पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि 20 वर्षीय वैशाली बुधवार शाम अपनी एक सहेली के साथ रहीमपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर अपने मोबाइल से 'रील' बना रही थी और इसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट मे आ गयी।

### चीन में राजमार्ग धंसने से 48 लोगों की मौत

बीजिंग, (एजेंसी)दक्षिणी चीन में भारी बारिश के बाद एक राजमार्ग का एक हिस्सा धंस जाने के कारण कई कारें ढलान से लुढ़कते हुए नीचे आ गईं और कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मीझोउ शहर प्रशासन ने बताया कि बुधवार देर रात करीब दो बजे राजमार्ग का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया जिससे 23 वाहन लुढ़क गए। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के मुताबिक 48 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। बुधवार को मृतकों की संख्या 24 थी। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। पिछले सप्ताहांत प्रांत की राजधानी गुआंगझोऊ में एक तूफान में 5 लोगों की मौत हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के कारण राजमार्ग के नीचे की जमीन धंस गई और इस वजह से सड़क का एक हिस्सा भी धंसा गया। स्थानीय मीडिया में जारी वीडियो और तस्वीरों में घटनास्थल पर धुआं निकलता और आग लगी दिखाई दे रही है। इसके साथ ही घटनास्थल पर गाड़ियों का ढेर नजर आ रहा है।

खबरों के अनुसार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस दुर्घटना के बाद बचाव अभियान को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और यातायात व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

# चीन के समक्ष भारत ने दर्ज कराया विरोध



नयी दिल्ली (एजेंसी) भारत ने जमीन पर स्थिति को बदलने के 'अवैध' प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है और नयी दिल्ली ने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया, जिसके माध्यम से इस्लामाबाद ने 'गैरकानूनी' रूप से इस क्षेत्र को बीजिंग को सौंपने का प्रयास किया था। जायसवाल ने कहा, ' हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।' शक्सगाम घाटी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो पीओके का हिस्सा है।

# सीबीआई भारत सरकार के नियंत्रण में नहीं : केंद्र




नयी दिल्ली, (एजेंसी) केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि सीबीआई उसके नियंत्रण में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी प्रारंभिक आपत्तियों में यह बात कही। दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है।

पश्चिम बंगाल सरकार ने आरोप लगाया है कि सीबीआई जांच बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया कि संविधान का अनुच्छेद 131 सुप्रीम कोर्ट को प्रदत्त सर्वाधिक पवित्र अधिकार क्षेत्र में से एक है और इस प्रावधान के दुरुपयोग की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# भाजपा ने कैसरगंज से बृजभूषण के बेटे करण को मैदान में उतारा

### साक्षी मलिक बोलीं, भारत की बेटियां हार गईं



नयी दिल्ली, भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण को भाजपा ने कैसरगंज से मैदान में उतार दिया है। बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने और पिछले साल व्यापक धरना-प्रदर्शन वाली महिला पहलवानों ने इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की है। ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली और एकमात्र महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा, 'भारत की बेटियां हार गई हैं, बृज भूषण सिंह जीत गए हैं।'

साक्षी, उन शीर्ष पहलवानों में से एक, जो सिंह के खिलाफ आंदोलन करने के लिए 2023 की शुरुआत में जंतर मंतर पर एकत्र हुए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमने अपने करियर को खतरे में डाला, सड़कों पर सोए लेकिन बृजभूषण को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। गिरफ्तारी की बात तो दूर, बृजभूषण के बेटे को अब लोकसभा का टिकट दिया गया है, जो भारत की बेटियों का मनोबल गिराएगा। देश की सरकार एक व्यक्ति के सामने इतनी शक्तिहीन कैसे है?'

बृजभूषण अतीत में सपा सांसद रहे हैं। वह बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में आरोपियों में से थे, लेकिन 2020 में आरोपों से बरी कर दिए गए। बृजभूषण के दूसरे बेटे प्रतीक उत्तर प्रदेश के गोंडा से मौजूदा विधायक हैं और उनकी पत्नी पूर्व सांसद हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह खुद चुनाव लड़ना चाहते थे और उन्होंने प्रचार भी शुरू कर दिया था।

**रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह मैदान में**

पार्टी ने गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लगातार पांच बार जीत दर्ज की है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह 2019 में भी रायबरेली से भाजपा के उम्मीदवार थे। हालांकि वह हार गए थे।

# कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद : मोदी




आणंद/सुरेंद्र नगर, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। उधर, सुरेंद्रनगर में एक रैली में मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर उनकी भगवान राम और भगवान शिव पर की गई टिप्पणी को लेकर हमला बोला। मोदी ने कटाक्ष किया, '3 यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है।3 पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है।' उन्होंने कहा, 'वे एक भ्रष्ट सरकार चाहते हैं जैसी 2014 से पहले थी।'

**'अतीत में आतंक निर्यातक, अब आटा आयात को जूझ रहा'**

रैली में मोदी ने कहा, 'जो देश अतीत में आतंक का निर्यात करता था, वह अब आटा आयात करने के लिए जूझ रहा है। जिन हाथों में बम होते थे, वे अब 'भीख का कटोरा' पकड़े हुए हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर के लोग अब कह रहे हैं कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से उभरता देश है।

# योगी का फर्जी वीडियो साझा करने पर एक गिरफ्तार



नोएडा, (एजेंसी)उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से बना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'फर्जी' वीडियो साझा करने आरोप में यहां एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर प्रदेश एसटीएफ) और एडीजी (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने कहा कि वीडियो भ्रामक तथ्य फैलाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। एडीजीपी यश ने कहा, 'एक मई को, एआई से बना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फर्जी वीडियो 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए जाने के बाद वायरल हो गया। वीडियो भ्रामक तथ्य फैलाने, राष्ट्रविरोधी तत्वों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था।'

उन्होंने कहा कि एसटीएफ की नोएडा इकाई ने मामले की जांच करते हुए बृहस्पतिवार को आरोपी श्याम किशोर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। गुप्ता नोएडा का निवासी है और अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर रेहड़ी-पटरी कल्याण संघ का अध्यक्ष होने का दावा करता है।

# सरकार के काम पर वोट मांगिए : खड़गे



नयी दिल्ली,(एजेंसी) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बृहस्पतिवार को तीखा हमला किया और कहा कि जब चुनाव खत्म हो जाएंगे तब लोग उन्हें केवल ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में याद करेंगे जो हार से बचने के लिए 'झूठ से भरे विभाजनकारी और सांप्रदायिक भाषण देते थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री से अपील की वह 'अपनी सरकार के पिछले 10वर्ष के कामकाज पर वोट मांगें।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कांग्रेस पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग उम्मीदवारों से कहा कि वे इस बारे में मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाएं कि कांग्रेस 'अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीनना चाहती है।' खड़गे ने कहा, 'पत्र से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके भाषणों में जो झूठ है उसका वह असर नहीं हो रहा है। एक झूठ को हजार बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाएगा।' खड़गे ने पत्र में कहा, 'हमारी गारंटी इतनी सरल और स्पष्ट है कि हमें उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है।'

**चीन के मुद्दे पर घेरा**

खड़गे ने लिखा, 'पिछले 10 वर्षों में हमने जो एकमात्र तुष्टीकरण नीति देखी है वह आपके और आपके मंत्रियों की ओर से चीनियों का तुष्टीकरण है। आज भी आप चीन को 'घुसपैठिया' नहीं कहते बल्कि 19 जून 2020 को आपने कहा, 'ना कोई घुसा है, ना ही कोई घुस आया है'। यह गलवान में 20 भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का अपमान है।' बार-बार चीनी अतिक्रमण और नियंत्रण रेखा के पास सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के कारण तनाव बढ़ने के बावजूद भारत में चीनी सामान का आयात पिछले पांच वर्षों में 54.76 प्रतिशत बढ़ा और 2023-24 में 101 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

# गांव में बाल विवाह हुआ तो पंच-सरपंच माने जाएंगे दोषी

### अक्षय तृतीया से पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा



जयपुर, (एजेंसी)राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है।

न्यायालय की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था। आदेश में कहा गया है, 'उत्तरदाताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। सरपंच और पंच को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि यदि वे बाल विवाह को रोकने में विफल रहते हैं, तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 के तहत उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।'

एक नजर..

## भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर गौ माताओ की गई सेवा



नीलकंठ/ युरेशिया

बड़ौत। भारतीय जैन मिलन संस्था के 68 वे स्थापना दिवस के अवसर पर, भारतीय जैन मिलन संस्था ने गुरुवार को जैन मिलन महिला चेतना बडौत की वीरांगनायें बावली रोड स्थित गौशाला में एकत्रित होकर गौ माता की सेवा करते हुए, सभी वीरांगनाओ ने गौ माता की देखभाल करते हुए गौ माताओ को चारा खिलाया वही सभी वीरांगनाओं ने अपने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को बधाई दी।और अधिक से अधिक सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया।यह संस्था प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर कुछ ना कुछ सेवा कार्यक्रम करती रहती है। इस अवसर पर वीरांगना सुमन जैन पूजा जैन इंदु जैन पूनम जैन अनीता जैन डिंपल जैन निधि जैन अभिलाषा जैन डॉक्टर रुचिका जैन आदि उपस्थित रही।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को आईडी कार्ड किये वितरित



युरेशिया संवाददाता

बिनौली। प्राथमिक विद्यालय नं. एक में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में अधिकारियों ने अध्ययनरत बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर आईडी कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ ज्योति बाला ने कहा कि अध्यापकों के प्रयास से विद्यालय परिसर में सकारात्मक माहौल है। बेहतर शिक्षण से इस विद्यालय की अलग पहचान है। बच्चों को आईडी कार्ड वितरण निजी स्कूलों की तर्ज पर किया गया प्रयास सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि बीईओ राशिद अनवर सिद्दीकी ने कहा कि अध्यापकों के आर्थिक सहयोग से बच्चों को परिचय पत्र मुहैय्या कराना प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने बच्चों को दिनचर्या ठीक रखने के टिप्स दिए। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में पंजीकृत 242 बच्चों को आईडी कार्ड वितरित किए। रेनू पंवार के संचालन में हुए कार्यक्रम में विनय कुमार, अशोक कौशिक, मीनू ढाका, रचना, ममता, दिव्या चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मां वष्णो सोशल वेलफेयर सोसायटी ने लगाया भंडारा



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। मां वैष्णो सोशल वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने छपरोली चुंगी पर भंडारा लगाया और गरीब लोगों को भोजन कराया।

मां वैष्णो सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। हमेशा मां वैष्णो वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी समाज सेवी कार्यो में आगे रहते हैं। समाज का कोई भी कार्य हो उसमें सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता हमेशा लोगों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देते हैं। आज सोसायटी निरंतर आगे बढ़ती जा रही है और सभी लोग संस्था के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है।भंडारा सुनील कुमार गुप्ता अध्यक्ष, सोनम जैन कोषाध्यक्ष, शुभम गुप्ता सचिव, राम हरी उपाध्यक्ष, राकेश उपसचिव मेंबर बजींद्र दीक्षित, जयपाल मेंबर, महेश अंतल मेंबर आलोक जैन मेंबर समर्पण जैन मेंबर, योगेंद्र गुप्ता, मेंबर अर्पण जैन, मेंबर संजीव जैन मेंबर, पीयूष गुप्ता, मेंबर आशु शर्मा, मेंबर आनद शर्मा मेंबर आदि सभी के सहयोग से कार्य पूर्ण हुआ।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया धीरज हत्याकांड का खुलासा

### पुरानी रंजिश को लेकर की गई थी धीरज की हत्या।



युरेशिया संवाददाता

बड़ौत। थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में बुधवार की दोपहर जमानत पर आए एक युवक की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए टीमें गठित कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने गुरुवार को हत्याकांड में संलिप्त तीन आरोपियों को पकड़ कर 24 घंटे में ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया। उन्होंने बताया कि धीरज उर्फ छोला पुत्र तेजपाल निवासी वाजिदपुर ने 4 सितंबर 2022 को अपने दोस्त सन्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके चलते वह जेल चला गया था। उसका परिवार भी इस घटना के बाद गांव छोड़कर चला गया था। अभी हाल ही में एक महीना पहले वह जमानत पर वापिस आया था। उन्होंने बताया हत्याकांड को लेकर पुरानी रंजिश के चलते मृतक सन्नी के भाई निखिल ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया।जिसमे निखिल उर्फकल्लू,शोएब पुत्र दिलशाद और देवा उर्फदेवेश को गिरफ्तार किया है। अन्य दो आरोपियों सागर और सौरभ की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे है। उन्होंने बताया कि रंजिश के चलते निखिल ने अपने साथियों के साथ धीरज की हत्या करने की योजना बनाई। जिसके तहत शोएब के माध्यम से धीरज को वाजिदपुर के प्राइमरी स्कूल में बुलाया गया। वहां पहले से ही चार लोग मौजूद थे जिसमे उन्होंने 5 गोलिया मारकर उसकी हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल एक बाइक और तीन तमंचे भी बरामद किये गए है। अन्य फरार आरोपी भी जल्द ही गिरफ्त में होंगे।

# सेंट एंजेल्स में आयोजित टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में खेले गये बालिका वर्ग के मैच

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिकाओं के प्रथम चरण के मैच खेले गये। बालिकाओं के सीनियर वर्ग में पहला मैच ब्लू हाउस की दृष्टि व रेड हाउस की आस्था के बीच खेला गया। जिसमें रेड हाउस की आस्था ने ब्लू हाउस की दृष्टि को 11-04 व 11-08 से हराकर प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रवेश किया। इसके अलावा येलो हाउस की शिया ने रेड हाउस की अविका को 11-03 व 11-05 से, ग्रीन हाउस की अतिथि ने येलो हाउस की अंशिका को 11-07 व 11-09 से, येलो हाउस की खुशी ने रेड हाउस की निहारिका को 11-01 व 11-03 से, रेड हाउस की स्वाती ने येलो हाउस की भूमिका को 11-08 व 11-06 से हराकर द्वितीय चरण में प्रवेश किया। बालिकाओं के जूनियर वर्ग में रेड हाउस की देवाशी ने येलो हाउस की पूजा को 11-09 व 11-08 से, ग्रीन हाउस की आयुषी ने येलो हाउस की तंजीम को 11-06 व 11-09 से, रेड हाउस की क्षमा ने ब्लू हाउस की नीलाक्षी को 11-03 व 11-06 से, येलो हाउस की मांशी ने ग्रीन हाउस की कीर्ति को 11-02 व 11-06 से, रेड हाउस की माही ने ब्लू हाउस की प्रियांशी को 12-10, 09-11 व 11-07 से हराकर द्वितीय चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच कल खेले जाएंगे। टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के इस अवसर पर पीटीआई राजीव, अजीत, विशाल, बबलेश, सुमित, हनुराज, इमरान, सुनील, गीता, निधि, आस्था, शालू, ज्योति, प्रवीण, गौरव आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में ताईक्कांड़ो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





### मेरठ जोन के 7 विद्यालयों ने प्रतियोगिता में लिया भाग।

नीलकंठ/ युरेशिया



बड़ौत। नगर के क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में सी.आई.एस.सी.ई. मेरठ जोन ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेजर यमक भारद्वाज, एवं उनकी पत्नी वंदना भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि सिस्टर निर्मला मैनेजर, सिस्टर सजिदा प्रधानाचार्या, क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, बागपत एवं विद्यालय मैनेजर सिस्टर रोजलीन, प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ जस्सी जोस, क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, बड़ौत के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय मैनेजर सिस्टर रोजलीन और प्रधानाचार्य डॉ सिस्टर जस्सी जोस ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे एवं गुलदस्ते भेट कर किया। प्रतियोगिता का आरम्भ शान्ति, प्रेम व होसलों की उड़ान भरने का संदेश देते हुए सफेद कबूतर उड़ाकर किया गया। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे झंड़ो के द्वारा सजाया गया। प्रतियोगिता में मेरठ जोन के 7 विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें कुल 159 विद्यार्थियों ने भाग लिया। खेल कॉर्डिनेटर योगेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, प्रशिक्षक अमित दीक्षित एव. अन्य अतिथियों के द्वारा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया गया। खिलाडियों ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में 23 स्वर्ण 21 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ प्रथम स्थान क्रिस्तु ज्योति कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ौत ने प्राप्त किया। 21 स्वर्ण 9 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ द्वितीय स्थान क्रिस्तु ज्योति कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागपत और 14 स्वर्ण 9 रजत 6 कांस्य पदको के साथ तृतीय स्थान सहारनपुर पब्लिक स्कूल सहारनपुर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ इसमें पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मेजर यमक, सिस्टर सजिदा, फादर जोसफएवं विद्यालय प्रधानाचार्या के द्वारा किया गया। जीत हासिल करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया और अतिथियों को भी विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ सिस्टर जस्सी जोस की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय की ओर से उपप्रधानाचार्या सिस्टर अनु थेरेस, सिस्टर विनिता, सिस्टर सिद्धी, सिस्टर एन्सा जीस, ममता रानी, दीपा रानी, साबू वल्लानाट्टू आदि के साथ-साथ समस्त अध्यापकगणों का सहयोग रहा।

## शाकाहार स्वस्थ सुखी जीवन का आधार:सौरभ सागर



### चिरचिटा में हुई धर्मसभा में जैन संत ने दिए प्रवचन।

युरेशिया संवाददाता

बिनौली। चिरचिटा गांव में गुरुवार को एक धर्मसभा में जैन संत आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि सादगी और शिष्टाचार से मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ बनता है। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि सच्चा सुख क्या है। आत्मा का हित सुख की प्राप्ति करना है, और सुख वही हैं, जहां किसी प्रकार की आकुलता, व्याकुलता, टेंशन, चिंता न हो। जहां ये सब होते हैं, वहां दुख ही दुख होता है। आज का मानव संसार की भौतिकता में बह रहा है, पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति की तरफ जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपनी प्राचीन संस्कृति की नही अपनाएंगे, तब तक सुख नही मिल सकता। धार्मिक आचरण से ही सच्चे सुख की प्राप्ति हो सकती है। सादगी और शिष्टाचार से मनुष्य जीवन श्रेष्ठ बनता है। आज हमारा खानपान गलत हो गया है। जिससे आचार विचार भी विकृत हो रहे हैं। यदि हमे स्वस्थ व सुखी रहना है तो शाकाहार को अपनाना होगा। इसके उपरांत जैन संत पदविहार कर पुरा महादेव गांव के परशुराम धाम पहुंचे। वहां उन्होंने प्रवचन दिए तथा श्रद्धालुओं की शंकाओं का भी समाधान किया। इस अवसर पर रविंद्र जैन, अरुण जैन, अनुज जैन, सचिन जैन, संयम जैन, सतेंद्र गोयल, उमेश शर्मा, योगेश शर्मा, नीरज जैन, रूबी जैन, रूचि जैन, छवि जैन, अनुभव जैन आदि मौजूद रहे।

## नीमा का अध्यक्ष बनने पर डॉ उमाकांत भारद्वाज का किया स्वागत



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। नीमा संगठन शाखा बागपत टटीरी, सराय व बालेनी की एक संयुक्त बैठक हुई। इसमें चिकित्सको ने विचार- विमर्श कर संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन करके इसमें डॉक्टर उमाकांत भारद्वाज को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उनके नीमा संगठन के अध्यक्ष पद पर चुने जाने के अवसर पर नीरज नैन, अजय शर्मा, डॉक्टर प्रशांत शर्मा, रवि ठाकुर, देवेंद्र चौहान आदि ने उन्हें पगड़ी और फूलमला पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। डॉ उमाकांत भारद्वाज ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह भली भांति पालन करेंगे और सभी को एक साथ लेकर चला जाएगा। चिकित्सकों का शोषण व उत्पीड़न किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। समाज के अन्य लोगों ने भी डॉक्टर उमाकांत भारद्वाज के नीमा संगठन का अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी है।






## संपादकीय

# वैक्सीन के साइड इफेक्ट

### भरोसा कायम करने की पहल करे सरकार


संजय त्यागी 'महादेव'

हाल ही में कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकारा कि उसकी कोविशील्ड वैक्सीन के रेयर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। जिसको लेकर देश में नए सिरे से बहस शुरू हुई। विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि घबराएं नहीं, टीके से जुड़ा खतरा दस लाख में से एक व्यक्ति को होता है। वैसे देश के चुनावी माहौल के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के कोलाहल में यह तय कर पाना कठिन हो जाता है कि हवा में तैर रही खबर की तार्किकता क्या है। यह भी कि यह खबर वास्तविक है या राजनीतिक लक्ष्यों के लिये गढ़ी गई है। वहीं दूसरी ओर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते भारत के खिलाफजो वैश्विक गुटबंदी चल रही है, कहीं आरोप इस कड़ी का हिस्सा तो नहीं है। वैसे विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने के चार से बयालीस दिनों के भीतर टीटीएस प्रभाव हो सकता है, जो ब्लड क्लॉट बना सकता है। जिससे कालांतर प्लेटलेट्स की कमी शरीर में हो सकती है। दरअसल, वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन में एक अदालती सुनवाई के दौरान वैक्सीन के दुर्लभ प्रभावों की बात को माना था। कंपनी के विशेषज्ञों का कहना है कि टीटीएस दिमाग, फेफड़ों, आंत की खून की नली आदि में तो पाया गया लेकिन किसी को हार्ट अटैक की समस्या नहीं हुई। साथ ही यह भी कि कोविड संक्रमण के कारण भी ब्लड क्लॉट के मामले सामने आए हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन से इम्यून सिस्टम में टी व बी सेल गतिशील होने से इम्यून प्रतिक्रिया बढ़ती है, जिसके बाद खून की नली में सूजन से ब्लड क्लॉट बनता है। जिसमें ज्यादा प्लेटलेट्स इस्तेमाल होने लगते हैं। जो कि टीटीएस की स्थिति होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन ने महामारी की घातकता को नब्बे प्रतिशत तक घटाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। वहीं वैक्सीन के साइड इफेक्ट छह माह के भीतर सामने आ जाते हैं, इसके उपयोग को दो साल से अधिक का समय हो चुका है।

उल्लेखनीय है सरकार ने कोरोना संकट के दौरान कोविशील्ड लेने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया था। अब जब इसके दुष्प्रभावों को लेकर संशय पैदा हुआ है तो उसे अपने संसाधनों का इस्तेमाल करके लोगों की शंकाओं का निवारण भी करना चाहिए। सेहत से जुड़े किसी भी मामले में किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी तरह असुरक्षा की भावना बढ़ती है तो सरकार को तुरंत दूर करना चाहिए। नागरिकों की शंकाओं का तुरंत ही समाधान किया जाना चाहिए। पब्लिक डोमेन में कंपनी द्वारा चुनावी बांड खरीदे जाने को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। जिसके चलते लोगों के मन में कई तरह के सवाल उपजे हैं, जिनका निराकरण भी सरकार का प्राथमिक दायित्व है। हमें यह भी स्वीकारना चाहिए कि संकटकाल में इस वैक्सीन की तुरंत उपलब्धता से देश की बड़ी आबादी को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जा सका। बेहद कम समय में कोरोना से लड़ने के लिये उपलब्ध कराई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट से इनकार भी नहीं किया जा सकता। इस बात की आशंका भी है कि टीएसएस प्रभाव कोरोना संक्रमण के बाद भी सामने आ सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि लॉकडाउन के कारण लाइफस्टाइल बिगड़ने से लोगों की गतिशीलता में कमी, मानसिक तनाव वृद्धि से मोटापे व मधुमेह के चलते भी हृदयाघात के मामले बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ हृदयरोग विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी को पहले ही बताना चाहिए कि वैक्सीन से टीटीएस जैसे साइड इफेक्ट हो सकते हैं। जानकारी होने पर लोग अपनी प्राथमिकता की वैक्सीन ले सकते थे। वहीं यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिये हफ्ते में दो दिन सिर्फएक बार खाना खाने की सलाह देते हैं, जिससे ब्लड क्लॉटिंग रोकने में मदद मिल सकती है।

## तिरछी नजर

# जल संकट का जलजला और सड़क पर नजला

केदार शर्मा 'निरीह'

नत्थू ऑफिस जाने के लिए तैयार हो गया था। उसने पत्नी से कहा, 'क्या बात है भाग्यवान ? क्या नहीं है तुम्हें नाश्ता तैयार करने का ध्यान ? टिफिन का भी नहीं अता-पता है, आखिर हुई क्या हमसे खता है ?' वो बोली, 'परिंडे में पानी नहीं है, आपसे कोई बात अनजानी नहीं है। पिछले दो दिन से नल नहीं आ रहा है। परिंडे में सूखा छा रहा है। आज चूल्हा नहीं जलेगा, जाहिर है खाना नहीं बनेगा। आज सड़क पर जाम लगाएंगे, जलदाय विभाग वालों को नाकों चने चबवाएंगे। आज ट्रैफिक जाम होगा, तभी हमारा काम होगा।'

आखिर नत्थू को भी ऑफिस के लिए रवाना होना पड़ा, पेट में कूदते चूहों का बोझ ढोना पड़ा। अपनी गली से निकलकर जब सड़क पर गया तो देखा अद्भुत नजारा, 'नलों में पानी दो, पानी दो,' लोगों की जुबान पर था बस यही नारा। बीच सड़क पर भारी पत्थर रखे थे। कमर कसकर महिलाएं मोर्चे पर खड़ी थीं। उनकी नजर बीच सड़क पर गड़ी थीं। सड़क के दोनों ओर भीड़ बढ़ती जा रही थी। हॉर्न की आवाजें कानों में चढ़ती जा रही थीं। नत्थू गिड़गिड़ाया, 'भगवान के लिए मुझे ऑफिस जाने दो। कसूर पानी का हो सकता है पर सजा सड़क को मत पाने दो।'

तभी एक मोहतरमा आगे आई, बोली, 'आप पानी वाले अफसरों को बुलाओ और सूखते नलों को पानी से नहलाओ। हम सड़क को छोड़ देंगे, अपना रुख मोड़ लेंगे।' तभी भीड़ में से किसी बंदे ने अफसर को फोन लगाया, 'हेलो सर, मैं फलां कॉलोनी के सामने की सड़क से बोल रहा हूं, यहां सड़क को बंधक बना लिया है, दोनों ओर वाहनों की रेलमपेल है, वाहन चालक मचा रहे ठेलम-ठेल है। दो पाटों के बीच में फंसी सड़क चुपचाप सहमी-सी पड़ी है। जल्दी आओ, इसको बचाओ। नलों में पानी नहीं आने के पीछे इस जाम में फंसी भीड़ का कोई हाथ नहीं है। वाहनों के हॉर्न अलग-अलग आवाज में चिंचिया रहे हैं। कोई कह रहा है मेरे मालिक की परीक्षा छूट जाएगी, कोई कहता है मेरे मरीज की सांस टूट जाएगी। हमारी सड़क को पानी की फिरौती देकर शीघ्र छुड़वा लो।'

तभी अफसरों की गाड़ियां आई। महिलाओं ने उनको खूब खरी-खोटी सुनाई। उनको लाल-लाल आंखें दिखाई तभी माइक से आवाज आई, 'आपके घरों में पानी आ गया है और आपका इंतजार कर रहा है।' देखते-देखते सड़क खाली हो गई। बंधक में फंसी सड़क की बहाली हो गई। नलों से नीर निकलने लगा और फिर से चूल्हा जलने लगा।

# पर्दे के पीछे से विचारधारा आगे बढ़ाकर, पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ा


एड किशन भवानी

कर विशेषज्ञ

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत जहां एक ओर सबसे बड़ा लोकतंत्र सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश व सबसे पुराना बड़ा आध्यात्मिक मान्यताओं संस्कारों रीति रिवाजो सहित अनेक पौराणिक आधुनिक विशेषताओं वाला देश है, तो वहीं कुछ हद तक सबसे बड़ी संस्थाओं धार्मिक स्थलों संगठनों व विचारधाराओं वाला देश होने की बात भी मीडिया के हर प्लेटफार्म पर कही जाती रही है जिसका कुछ हद तक उपयोग राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के लिए भी यानें वोट बैंक सुनिश्चित करने के लिए भी करती है, जो मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में पहले चरण 19 अप्रैल 2024 को हुए लोकसभा चुनाव में देखा व कई संगठनो के अंदर यह महसूस भी किया, जिसके आधार पर मैं सटीकता से कर सकता हूं कि यही स्थिति दूसरे चरण में भी हुई होगी और आगे भी बाकी बचे पांच चरणों में पूरे देश में होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह सब पर्दे के पीछे होताहै। हालांकि हर संगठन, संस्थान, समाज प्रमुख आध्यात्मिक स्थल प्रमुख अपने नियंत्रण व नेतृत्व से उस संगठन का संचालन करते हैं, परंतु उनके पीछे दखलअंदाजी किन्हीं और राजनीतिक पार्टी से संबंधित नेतृत्व की होती है जो मैंने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोंदिया भंडारा में देखा कि कुछ पंचायतें संगठनो के मुखिया साहब शैक्षणिक संस्थाओं के कुछ लोग व्यापारिक व्यावसायिक संगठनों से संबंधित कुछ लोग अपने-अपने स्तर पर एक प्रमुख पार्टी का प्रचार कर रहे थेहालांकि मुझे मालूम था यह सभी संगठन संस्थाएं उस पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है। यहां एक ऐसी कुछ कदमों की सेवा समिति भी है जो एक पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है जहां सिर्फसंस्थापक कीचलती है और उसके अनेक सदस्य अन्य संस्थाओं, संगठनों एजुकेशन सोसाइटी क्षेत्रीय पंचायतों में भी मेंबर उनको बनाए रखा है जो उन संस्थाओं के निर्णयोंट में दखलअंदाजी करते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि आज दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों के उग्र आंदोलन की खबरें पूरे दिन मीडिया में छाई रही इसलिए आज मैंने अपने आर्टिकल के लिए यह विषय चुना कि परदे के पीछे विचारधारा आगेबढ़ाकर पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ रहा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,राजनीतिक पार्टीबाजी जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक पैंठ का प्रचलन बढ़ गया है।

साथियों बात अगर हम जाति समाज से लेकर व्यापारिक संगठनों व स्कूल कॉलेजों से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक राजनीतिक पार्टी की पैंठ की करें तो, आजउपरोक्त क्षेत्रों में सुधार लाने की बजाय हर राजनैतिक दल सभी संगठनो संस्थानों में अपनी विचाराधारा आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक दखलंदाजी में लग जाते है, चाहे वह कुलपति व दूसरे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति का मामला हो या शिक्षण सामग्री सामाजिक रीति रिवाज स्थितियों में बदलाव।देश के उज्ज्वल भविष्य की पौध तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान आज राजनीतिक प्रोपेगेंडे का अड्डा बनते जा रहे हैं और छात्र इस राजनीति का शिकार हो रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थानों,समाज में कौन से विचारों पर चर्चा होनी चाहिए और किन पर नहीं, यह सवाल आज एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। शिक्षण संस्थानों का राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य योगदान होता है। यहाँ देश के युवा अलग अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कई नजरिए से सोचना सीखते हैं। ऐसे में अगर हमारी राजनीतिक दलें इन संस्थानों में घुसपैठ कर अपनी , वोटबैंक की राजनीति और संकीर्ण विचारधारा के लिए इन छात्रों का इस्तेमाल करने लगेगें तो इनका सही दिशा में विकास होना असंभव है।



शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण होने लगेगा। छात्र जो शिक्षण संस्थानों में पढने की बजाय अलग अलग राजनीतिक दलों से जुड़कर एक दुसरे के ऊपर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास करते हैं जिसके फलस्वरूप इन दलों के बीच वर्चस्व की लड़ाई होने लगेगी। इसका लाभ देश के बाहर की विघटनकारी शक्तियां भी उठाने लगेगी। आजकल जिस प्रकार से देश की शिक्षण संस्थाओं संगठनों संस्थाओं का राजनीतिक हित के लिए उपयोग किया जाने लगा है, उससे यही लग रहा है कि छात्रों के दिल और दिमाग में देश के विरोध में भ्रम भरने का कार्य सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। आज विश्वविद्यालय में छात्रों के कई वर्ग हैं जो केवल अपनी दलगत निष्ठा को साबित करने के लिए राजनेताओं के अनुचित कृत्यों को सही साबित करने लगते हैं और इन घटकों में आपस में हिंसात्मक झड़पें भी होने लगी है। इन शिक्षण संस्थानों की आँगन जंग का मैदान हो गए हैं जहाँ पुलिस ज्यादा नजर आने लगी है। सोशल मीडिया के जरिये खुद को अभिव्यक्त करने वाली यह युवा पीढ़ी शिक्षा और रोजगार जैसे स्थायी मुद्दों को लेकर नहीं, बल्कि देश की नींव को बर्बाद करने वाले मुद्दों को ज्यादा तरजीह देती नजर आ रही है। शायद इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आज देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में छात्र नेता खुद अराजकता के प्रतीक बन गए हैं। धरना देना, प्रदर्शन करना, नारे बाजी करना ,क्या शिक्षण संस्थान इसके लिए है ?

साथियों बात अगर हम भारत में छात्र राजनीति की करें तो भारत में छात्र राजनीति विश्वविद्यालयीय शिक्षण व्यवस्था का अहम घटक रही है ।चाहे वो जेएनयू हो, डीयू हो, एएमयू हो या फिर लखनऊ, इलाहाबाद या बनारस हिंदू

विश्वविद्यालय शिक्षा के इन महत्वपूर्ण केंद्रों में आजादी के बाद से छात्र राजनीति ने न केवल छात्रों की समस्याओं को केंद्र में रखकर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है बल्कि छात्र राजनीति से निकले नेताओं ने देश की राजनीति के वृहत्तर फलक पर भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। अभी एनएसयूआई एबीवीपी भी है, इस बीच एक विचार और जोर पकड़ने लगा कि छात्र राजनीति की जरूरत ही क्या है। विश्वविद्यालय तो पढ़ने के लिए होते हैं वहां छात्र राजनीति कर बेवजह अपना वक्त ख़राब करते हैं ।जेएनयू के पूर्व कुलपति बीबी भटटाचार्य कहते हैं कि कैंपस में राजनीति होनी ही नहीं चाहिए ।राजनीति और विश्वविद्यालय दुनिया में कहीं एक साथ नहीं चलते, ऑक्सफोर्ड में भी यूनियन नहीं है,डिबेटिंग सोसायटी है केंब्रिज में यूनियन होती ही नहीं है आज शिक्षक की पहचान भी राजनीतिक दलों से होने लगी है। मेरे हिसाब से शिक्षा का भला इसी में है कि कैंपस में राजनीति न हो, छात्र वहां पढ़ने के लिए आते हैं, उन्हें पढ़ाई ही करनी चाहिए ।शायद इन्हीं सब वजहों से आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति का अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नजर नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी ।भारत सरकार के उच्च शिक्षा सचिव इस बारे में कहते हैं, लिंग्दोह कमेटी के सुझावों के दायरे में छात्रसंघ चुनाव एक सही कदम है और इसका समर्थन किया जाना चाहिए, हो सकता है कि किसी-किसी विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति की दिशा सकारात्मक न रही हो और वहां के कुलपति ने विश्वविद्यालय के वृहत्तर हित के लिए उसपर रोक लगा दी, लेकिन मेरा मानना है कि यदि सही स्पिरिट में छात्र राजनीति की जा रही है तो ये बहुत अच्छी चीज हैबहरहाल, आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति की वस्तुस्थिति यही है कि उनका अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नजर नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी। हालांकि बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय ने छात्र और राजनीति नामक लेख में लिखा था कि जब तक राष्ट्र पर कोई बड़ा संकट न हो तब तक छात्रों को राजनीति से दूरी रखनी चाहिए और अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करना चाहिए ताकि वो एक बुद्धिजीवी नागरिक बन सकें और देश की उन्नति में ज्यादा बेहतर योगदान दे सकें।

साथियों बात अगर हम दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका में कई विश्वविद्यालयों के कैंपस में विशाल विरोध प्रदर्शन की करें तो,अमेरिका के कई यूनिवर्सिटी कैंपस में गाजा के समर्थन में शुरू विरोध-प्रदर्शन बड़ा रूप लेता जा रहा है। फिलिस्तीन में इजरायली हमले के खिलाफआंदोलन का गढ़ अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी बनी है. यहां एक बार फिर सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लिए जाने से कॉलेज कैंपस और उसके बाहर तनाव और बढ़ गया है। न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी और कैलिफोर्निया में झड़पों की घटनाओं के बीच छात्र घुटने टेकने और आंदोलन खत्म करने से इनकार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गएफ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है। अधिकारियों के पास आने पर प्रदर्शनकारियों ने सवाल किया कि पुलिस ने जरूरत के समय कार्रवाई क्यों नहीं की ? प्रदर्शनकारियों ने पीछे न हटने का इरादा जाहिर करते हुए दो टूक लहजे में कहा कि प्रशासन शांति चाहता है, लेकिन हम इंसाफकी मांग कर रहे हैं। टीवी चौनलों पर फेस शील्ड और सुरक्षा जैकेट से लैस पुलिसकर्मियों को डंडों, हेलमेट और गैस मास्क से भी लैस देखा गया ।अमेरिका में पुलिस की सख्ती के बावजूद फिलिस्तीन के समर्थन में छात्र आंदोलन जारी है। अमेरिकी मीडिया हाउस के मुताबिक अब तक 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार हो चुके हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी ऑफकैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स ने आदेश दिया है कि प्रदर्शनकारी छात्र या तो कैंपस छोड़ दें या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहें।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पर्दे के पीछे से विचारधारा आगे बढ़ाकर,पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ा ।राजनीतिकपार्टीबाजी-जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक ।सामाजिक संगठनोंशैक्षणिक संस्थानों,व्यापार व्यवसायसंगठनों व आध्यात्मिक स्थलों सहित हर स्तर के संगठनों में राजनीतिक पार्टी विचारधारा की दखल अंदाजी बढ़ी।

# छात्र आंदोलन और अमेरिकी सख्ती पर सवाल

पुष्परंजन

अमेरिका में चुनाव तक गजा का सवाल विश्वविद्यालयों में गूंजता रहेगा। इसकी गूंज फ्रांस के शिक्षा केंद्रों में भी होने लगी है। क्या भारत में इसका 'वायरस' फैलने वाला है ? यह सवाल देश के कई कैंपसों से मिलना बाकी है। पिछले हफ्ते पेरिस के एक शीर्ष विश्वविद्यालय 'साइंसेज-पो' में अमेरिका की देखादेखी फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शन शुरू हुआ। इमैनुएल मैक्रों इस प्रदर्शन से इतने नाराज हुए कि 'साइंसेज-पो' की फंडिंग ही निलंबित कर दी। 'साइंसेज-पो' में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल पढ़ाई कर चुके हैं। लेकिन ऐसा फैसला लेते समय मैक्रों ने इसका लिहाज नहीं किया। गजा में जारी युद्ध, फ्रांस के लिए संवेदनशील मुद्दा है। फ्रांस पश्चिमी यूरोप के यहूदियों और प्रवासी मुसलमानों के लिए घर जैसा है, इसलिए दोनों तरफसे टकराव की स्थिति बनी रहती है।

फ्रांस के धुर वामपंथी एलएफआई (ला फ्रांस इंसोमाइज) के सांसदों ने छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। मई दिवस के दिन ज्यों लुक मेलेन्कोल ने रूढ़िवादियों और मैक्रों सरकार के अवसरवादी व्यवहार की आलोचना की है। फ्रांसीसी प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल ने कहा कि बहस की गुंजाइश हमेशा रहती है, लेकिन 'साइंसेज-पो' के शैक्षिक माहौल को अवरुद्ध करने वाले अल्पसंख्यक छात्र, बहुसंख्यकों पर अपने विचार थोप रहे थे। ऐसी विचारधारा को हम 'अटलांटिक पार से आयातित' कह सकते हैं। लेकिन इस समय जेरे बहस जो बाइडेन हैं, जिनके चुनाव के समय अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं। 1 मई तक अमेरिका के 30 से अधिक कैंपसों में हुए प्रदर्शनों में 1400 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किये गये हैं। गजा में नरसंहार रोकने के सवाल पर लगातार हुए प्रदर्शन को रोकने के वास्ते, और यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को एक विधेयक पास हुआ।

इसके पक्ष में 320 सांसद थे, और विरोध में 91. इक्कीस रिपब्लिकन और 70 डेमोक्रेट्स ने इसके खिलाफमतदान किया था। बहुसंख्यक अमेरिकी जनता युद्धविराम के पक्ष में है, बावजूद इसके जो बाइडेन की जिद कहिए कि अमेरिका इस्राइल का समर्थन कर रहा है। इस समय न्यूयार्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने छात्र प्रदर्शनकारियों की निंदा



की। गिलाद एर्दान ने कहा, 'हम हमेशा से जानते थे कि हमास स्कूलों में छिपा है3 हमें यह अहसास ही नहीं हुआ कि यह सिर्फ गाजा के स्कूलों में नहीं है, बल्कि अमेरिका में हार्वर्ड, कोलंबिया जैसे कुलीन विश्वविद्यालय भी इनके केंद्र हैं।'

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि छात्रों द्वारा एक शैक्षणिक भवन पर कब्जा करना बिल्कुल गलत है। इसे शांतिपूर्ण विरोध हम कतई नहीं कह सकते। डेमोक्रेट जमाल बोमन, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय के पास न्यूयॉर्क जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इसे रोकने का आह्वान किया। बोमन ने एक बयान में कहा, 'कॉलेज परिसरों का सैन्यीकरण, पुलिस की व्यापक उपस्थिति और सैकड़ों छात्रों की गिरफ्तारी, हमारे लोकतंत्र की बुनियाद के बरअकस है। विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर कोलंबिया की अध्यक्ष मिनोचे शफीक ने हिंसा की निंदा की और कहा कि कैंपस में शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होनी चाहिए। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जब टैंट गाड़कर प्रदर्शनकारी अड़ गये, और पुलिस ने उसे ख़ाली कराने के लिए जिस तरह से बल प्रयोग किया, उसे कोई भी अमन पसंद व्यक्ति सराह नहीं सकता।

अमेरिका में प्रदर्शनकारियों को दोनों हाथों को पीछे कर हथकड़ी लगाकर ले जाने वाले विजुअल्स पूरी दुनिया देख रही है। वह किसी भी लोकतंत्रकामी को रास नहीं आ सकता। वही अमेरिका भारत को लोकतंत्र की नसीहत देता है। अफसोस, अमेरिका की बर्बर और बेहिस पुलिस पर सवाल करने की मनाही है। वर्ष 2005 में पेंटागन से वाशिंगटन डीसी के बाल्टीमोर तक मेट्रो के सफर को भूला नहीं हूं, जब बर्गर खा रहे एक स्कूली छात्र को पुलिस हथकड़ी लगाकर ले गई। अमेरिका में छोटी-छोटी बातों पर पुलिस द्वारा पिस्तौल तान देना, पटककर पीछे से हथकड़ी लगा देना सामान्य-सी बात है।

भारत में जघन्य आपराधिक मामलों वाले अभियुक्त को ही हथकड़ी लगाने का कोर्ट आदेश मिलता है। 80 के दशक में साधारण अपराध मामले में हथकड़ी पर रोक लगा दी गई थी। उमर ख़ालिद को हथकड़ी लगाने के आवेदन को रद्द करते हुए दिल्ली की अदालत ने टिप्पणी की थी कि उमर कोई गैंगस्टर नहीं है। तो क्या लोकतंत्र का चौधरी बने अमेरिका को भारत से नसीहत लेने की जरूरत है ? गजा के दमन चक्र के सवाल पर अमेरिकी कैंपस कुछ हफ्तों से छिटपुट प्रदर्शनों की चपेट में थे। लेकिन 22 अप्रैल, 2024 को यह प्रदर्शन फैल गया, जब न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल विश्वविद्यालय, एमर्सन कॉलेज, मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और टफ्ट्स विश्वविद्यालय सहित पूर्वी तट के कई परिसरों पर छात्रों ने टैंट लगाकर कब्जा करना शुरू कर दिया। 40 से अधिक कैंपसों में 'प्रोटेस्ट कैंप' लगा देखकर सरकार के हाथ-पांव फुल चुके थे। प्रदर्शन स्थल पर टेंट गाड़ देने से जो बाइडेन प्रशासन की भृकुटि तन चुकी थी। कोलंबिया विश्वविद्यालय में तीन समूहों ने पिछले बुधवार को 'टेंट सिटी' स्थापित की। ये समूह हैं स्टूडेंट फॉर जस्टिस इन फलस्तीन (एसजेपी), जेविश वॉयस फॉर पीस (जेवीपी) और विदीन ऑवर लाइफ्टाइम। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से अपील की थी कि वह उन कंपनियों के साथ काम करना बंद करे, जो गजा में युद्ध का समर्थन कर रही हैं।

25 अप्रैल, 2024 को एमर्सन कॉलेज, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और टेक्सास विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हुईं। प्रदर्शन यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में फैल गए। गत 27 अप्रैल को जारी कार्रवाई के कारण वाशिंगटन डीसी, एरिजोना और इंडियाना विश्वविद्यालयों में लगभग 275 गिरफ्तारियां हुईं। एमोरी विश्वविद्यालय में हिरासत में लिए गए लोगों में कई प्रोफेसर भी शामिल थे। वाशिंगटन विश्वविद्यालय में कर्मचारियों तक को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन यह सब कुछ एकतरफा नहीं था। 28 अप्रैल को एमआईटी, पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स के यूसीएलए में जवाबी विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। प्रोटेस्ट के जवाब में काउंटर प्रोटेस्ट। कौन करा रहा था, ये सब ?

चूंकि अमेरिका में यह चुनाव का वक्त है, वहां सबसे पॉवरफुल इस्राइल समर्थक लॉबी 'अमेरिकन इस्राइल पब्लिक अफेयर्स कमेटी' (एआईपीएसी) जो बाइडेन के समर्थन में माहौल बनाने में लगी थी। उसके प्रयासों पर पानी फिर गया लगता है। एआईपीएसी के बरक्स यहूदी अरबपति जार्ज सोरोस खड़े हैं, जो इस्राइल के विरुद्ध प्रदर्शनों के लिए मोटी फंडिंग कर रहे हैं।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।




## एक नजर..

### 75 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त करा नदी के नाम कराया दर्ज

**भवानी सैनी/युरेशिया**

बेहट। तहसील बेहट क्षेत्र के गांव शेरउल्लापुर में लगभग 75 बीघा जमीन कुछ लोगो द्वारा अपने नाम दर्ज करा ली गई थी। मामला डीएम संज्ञान में आने के बाद की गई जांच के उपरांत यह भूमि नदी की पाई गई। डीएम के निर्देश पर एसडीएम द्वारा कार्रवाई करते हुए पुनरू इस भूमि को नदी के नाम दर्ज कराया गया।

उपजिलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि तहसील बेहट के गाँव शेरउल्लापुर अह. मे कुछ लोगों द्वारा नदी की लगभग 75 बीघा भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया था। जबकि राजस्व अभिलेखागार सहारनपुर में जाकर 1359 फसली वर्ष की खतौनी कराए गए मुआयने से ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि नदी के नाम दर्ज है। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद जांच की गई और डीएम द्वारा उक्त भूमि को कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद एसडीएम दीपक कुमार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराकर भूमि को पुनरू नदी के नाम दर्ज कराया गया। एसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि अगर सरकारी भूमि पर किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जा किया तो उस के खिलाफ विधिवत कार्यवाही की जायगी।

### एडवोकेट नईम मलिक स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर बने



**परवीन खानम/ युरेशिया**

अंबेहटा। नगर में साफसफाई के कार्य को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत एडवोकेट नईम मलिक को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने बताया कि राज्य मिशन निदेशक से पत्र प्राप्त हुआ है कि अंबेहटा नगर में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु एडवोकेट नईम पुत्र वाहिद अहमद निवासी मोहल्ला झाबरी को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।वही एडवोकेट नईम मलिक ने कहा है कि राज्य मिशन द्वारा दी गई उनको जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह करेंगे व नगर को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इस दौरान शमीम अहमद, राशिद महबूब, असलम अजीम आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### थाना देवबन्द पुलिस द्वारा छात्रा के साथ छेडछाड व मारपीट करने के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**प्रदीप धीमान /युरेशिया**

सहारनपुर। थाना देवबन्द पर वादी की तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. फैसल पुत्र इदरीश 2. हसीन पुत्र ईदरीश निवासीगण कोहला बस्ती थाना देवबन्द सहारनपुर द्वारा उसकी की पुत्री के साथ गलत नीयत से छेडछाड करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना व जातिसूचक शब्द कहने के संबंध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0– 213/24 धारा 354/323/504/506 भादवि 3(2)5ए एससी/एसटी अभियोग पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा के द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर जनपद में अपराध नियंत्रण, महिलाओं के साथ होने वाले अपरोधों की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इसी आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबंद के निर्देशन मे मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त फैसल पुत्र इदरीश निवासी कोहला बस्ती थाना देवबन्द सहारनपुर को मंगलौर बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संजय कुमार, हे0का0 गोविन्द सिंह, का0 राहुल कुमार शामिल रहे।

## दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल
**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मणिकांत वत्स (सहारनपुर) | मो0: 9759178755 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| भवानी सिंह सैनी (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0: 8077518294 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |

# हत्या का प्रयास करने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**मनोज कांबोज/युरेशिया**

बिहारीगढ़। 29 अप्रैल की देर रात कस्बा बिहारीगढ की बुग्गावाला रोड पर स्थित एक घर मे रह रहे उत्तराखंड के रॉयल्टी चेक पोस्ट के कर्मचारीयों पर सोमवार की देर रात हत्या के प्रयास से फायरिंग हुई थी । जिसकी सूचना पाकर थानाध्यक्ष विनोद कुमार मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहाँ उन्होंने कमरे के दरवाजे पर गोलियों के निशान देखे और फॉरेसिंक टीम को जाँच के लिए मौके पर बुलाया गया । इसी मामले को गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए आज जितेन्द्र व्यास पुत्र जगदीश व्यास निवासी खनपुरा थाना मांसलपुर जिला करौली राजस्थान जिनका अभी कार्यभार कैलाश रिविर बैड मिनरल स्स्च् तेलपुरा अमानतगढ़ थाना बुग्गावाला जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड मे है उनकी एक लिखित प्रार्थना पत्र 20–25 लोग व अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर कार्रवाई की जिसमे नूर आलम उर्फ परवेज पुत्र कुर्बान, उमान पुत्र इमरान, जमशैद पुत्र



दिलशाद निवासी थापुल मुस्लिम थाना बिहारीगढ व उस्मान पुत्र दिलशाद निवासी थापुल मुस्लिम थाना बिहारीगढ पर वादी व वादी के साथियों पर जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध मे थाना बिहारीगढ मे मु0अ0स0 76/24 धारा 147/148/149/452/307/504/506 ध् मे पंजीकृत किया गया था ।

इस घटना पर तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष बिहारीगढ विनोद कुमार ने 30/4/24 की रात्रि को मुखबीर की सूचना पर पांचों वाँछित आरोपी उमान पुत्र इमरान, उस्मान पुत्र दिलशाद, शहजाद पुत्र खुर्शीद, शाहरुख पुत्र गुलजार, पुत्र वाजिद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया । जिनके पास से एक देशी तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोका कारतूस 315 बोर, दो बैसबाल के बैट, एक हाकी स्टीक, एक फावडे का लकड़ी का बैंटा, एक स्कार्पियो कार न0 नच11अे9001 काले रंग की बरामद हुई । थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कानूनी कार्रवाई करते हुए इन पर हुए उपरोक्त मुकदमे मे धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम की वृद्धि की। एक गिरफ्तार अरोपी तालिब का तो अपराधिक इतिहास मे विभिन्न धाराओं मे चार मुकदमे भी दर्ज है।

इन सभी ने पुछताछ मे बताया बता कि दिनांक 29/4 /2024 को हम अपनी स्कॉर्पियो कार से तेलपुर रॉयल्टी नाके पर उत्तराखंड की तरफसे आ रहे थे वहां पर कैलाश रिविर बेड मिनरल्स कंपनी के कर्मचारियों ने हमें रोका तो हम नहीं रुके इसी बात को लेकर हमारा उनसे झगड़ा हो गया । हम अपनी कार से वहां से बिहारीगढ़ में बुग्गावाला रोड पर अकरम के मकान पर जहां कैलाश रिविर कंपनी के लोग रहते हैं वहां जाकर हम लोगों ने मिलकर उनके साथ हॉकी व बेसबॉल के डन्डो से मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर की ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, उप निरीक्षक योगेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक बृजपाल सिंह, उप निरीक्षक देवेश कुमार, कांस्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रंजीत कुमार, कांस्टेबल लवलेश राठी, कांस्टेबल रवि कुमार आदि साथ रहे ।

# स्टेडियम में इसी महीने पूरी हो जायेंगी सभी परियोजनाएंः चौहान

### स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त ने किया स्टेडियम में खेल परियोजनाओं का निरीक्षण

**प्रदीप धीमान,भवानी सैनी/ युरेशिया**

सहारनपुर। अंबेडकर स्टेडियम में स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित सभी सभी खेल परियोजनाएं इसी माह पूरी हो जायेगी और उन्हें खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जायेगा। स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने आज स्टेडियम में खेल परियोजनाओं का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने अनेक योजनाओं के अधूरे कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता को स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनों का जेई के बीच बंटवारा कर उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। सीईओ संजय चौहान स्मार्ट सिटी अधिकारियों के अलावा सभी कार्यदायी एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ब्रहस्पतिवार की दोपहर स्टेडियम



पहुंचे और स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित सभी खेल परियोजनाओं के सम्बंध में एक–एक कर विस्तार से जानकारी ली। बॉक्सिंग रिंग का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साइट इंजीनियर को ड्राइंग और डिजाइन के साथ शुक्रवार को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। बैडमिंटन हॉल के सम्बंध में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि करीब एक वर्ष से कार्य पूरा है। लेकिन ऊपर का ग्लास क्षतिग्रस्त हो गया था जिसका कार्य दोबारा कराया जा रहा है। सीईओ चौहान ने 15 मई तथा हॉल तथा एडमिन ब्लॉक का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को कहा कि वे यह भी देंखे कि किस–किस कार्यदायी संस्था ने अपना कार्य पूरा कर लिया है तथा अंतिम रुप से परियोजना को हैंडओवर करने में क्या परेशानी है। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय अधिकारियों को दिया।

स्मार्ट जिम के निरीक्षण के दौरान यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना प्रबंधक आकाश चौधरी ने बताया कि जिम का कार्य पूर्ण हो चुका है,एक इलेक्ट्रिक पैनल आना बाकि है, जो कल तक आ जायेगा और उसके साथ ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। सीईओ चौहान ने तीन दिन के भीतर कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने जूडो हॉल व बहुउद्देश्य हॉल तथा अटैच शौचालयों का भी निरीक्षण किया और छोटे–छोटे अधूरे रह गए कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। बहुउद्देश्य हॉल में चार कूलर लगाने के प्रस्ताव को भी उन्होंने स्वीकृति दी। उन्होंने अधूरे कार्यो पर नाराजगी भी जतायी।

योगा मंच की खामियों को दुरुस्त करने तथा बॉस्केट बॉल कोर्ट के उखड़े पेंट को ठीक कराने के भी उन्होंने निर्देश दिए। स्वीमिंग पुल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीछे की ओर खुले स्थान को कवर करने के लिए दीवारों की ऊंचाई के बाद वर्टिकल गॉर्डन बनवाने का सुझाव दिया। इसके अलावा उन्होंने स्टेडियम परिसर में आने–जाने के सभी मार्ग, फुटपाथ व टैक की साफ-सफाई तथा स्टेडियम की दीवार के किनारे–किनारे भी कूड़ा–करकट की सफाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार, यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक मनेंद्र सिंह, यूपीसीएल के सहायक परियोजना प्रबंधक आकाश चौधरी, यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंता अरविंद त्यागी, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शिवेंद्र प्रकाश व परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह के अलावा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना आदि शामिल रहे।

### राजपूत महिला सभा का किया गठन

**अश्वनी कुमार/युरेशिया**

नानौता। राजपूत सभा नानौता की महिला विंग की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से कुमुद पुंडीर को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसके बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कुमुद पुण्डीर को अध्यक्ष, बबली राणा व नीरज राणा को उपाध्यक्ष, रजनी पुंडीर को सचिव, अन्नु राणा को कोषाध्यक्ष, अलका पुंडीर, छाया पुंडीर, नीलम पुंडीर, रेखा राणा, गीता राणा, वर्तिका राणा, बीना रानी व संगीता राणा को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजपूत सभा नानौता के अध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह पुंडीर तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष राकेश पुंडीर ने किया। इस अवसर पर नेत्रपाल सिंह चौहान, डाक्टर दिनेश पुंडीर, राकेश पुंडीर व संजीव कुमार सिंह ने बैठक को सम्बोधित किया और नव गठित कार्यकारिणी को बधाई दी।

### दो वांछित अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**अश्वनी कुमार/युरेशिया**

नानौता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछितवारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा दो वांछित अभियुक्तगण 1. मुबारिक पुत्र जब्बार 2. मुसय्यब पुत्र जब्बार नि0गण ग्राम सिजूड थाना नानौता जिला सहारनपुर संबंधित को गिरफ्तार किया गया। जिसके चलते अभियुक्तगणो के विरूद्ध थाना नानौता पर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### थाना बडगाँव पुलिस द्वारा नाबालिग लडकी को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म के 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**प्रदीप धीमान /युरेशिया**

सहारनपुर। थाना बडगाँव पर वादी की तहरीर बाबत अभियुक्त विशाल पुत्र मुकेश निवासी ग्राम बेलडा बुजुर्ग थाना बडगांव द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना बड़गाँव पर मु0अ0स0 86/ 24 धारा 363 पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा के द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर अपर्हता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए। इसी आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन एंव क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बडगांव पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में 01 वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र मुकेश निवासी ग्राम बेलडा बुजुर्ग थाना बडगांव जनपद सहारनपुर को अम्बेहटा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अपर्हता को पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया। विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि व 5एल/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पंकज उपनिरीक्षक, कां0 सन्नी, हो0गा0 सतीश शामिल रहे।



एक नजर..

## विश्व मजदूर दिवस पर आयोजित हुई योगाभ्यास की कार्यशाला



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के फाईन आटर्स कालेज में विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में गैर शैक्षणिक कमर्चारियों के लिए योग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि अरविन्दों सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफनैच्युरोपैथी एंड यौगिक साईंस से आये डॉ. नीरज नारायण ऋषि एवं डॉ लक्ष्मण शर्मा ने योग एवं योगासनों पर अपनी व्याख्यान को देते हुए सामान्य जीवन को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए विभिन्न योगाभ्यासनों को सिखाया। इस अवसर पर कालेज के सभी गैर शिक्षण कमर्चारियों ने उपस्थित होकर इस योगाभ्यास कार्यशाला में योग के गुणों को सीखने का प्रयास किया। अतिथियों का स्वागत संकाय प्रमुख प्रो पिन्टू मिश्रा ने पुष्पगुच्छ एवं पादप भेंट कर किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन डॉ. श्वेता ने किया। इस सफ्ल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल एवं सीईओ डॉ शल्या राज ने शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्वेता चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

युरेशिया संवाददाता

सरधना। एसएसपी रोहित सिंह साजवान के निर्देश अनुसार अपराधिक घटनाओं व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के द्वारा मुखबिर की सूचना पर भेजी गई पुलिस टीम मे शामिल उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक शिवा उपाध्याय, हेड कांस्टेबल मनेन्द्र पुण्डीर, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार आदि के द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान ग्राम महादेव सड़क मार्ग पर मुन्ना उर्फसमीर मुंशी उर्फशरीफनिवासी मोहल्ला कमरा नवाबान थाना सरधना, जिला मेरठ को रोक कर चेकिंग की गई जो मोटर साईकिल सुपर स्प्लेंडर नंबर यूपी17 आर 9391 पर सवार होकर आ रहा था। पूछताछ करने पर बाइक के कागजात मांगे गए जो उसके पास नहीं मिले, शक के आधार पर रिकॉर्ड चेक करने पर बाइक चोरी की पाई गई। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी मुन्ना उर्फ समीर मुंशी के विरुद्ध धारा 379/411 का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## अजंता कॉलोनी की खराब पुलिया बनाए जाने की की मांग

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष सुधीर पंवार एडवोकेट ने जिलाधिकारी मेरठ को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि एक माह पूर्व गढ़ रोड स्थित अजंता कॉलोनी वार्ड 16 में गली नंबर 10 की पुलिया बहुत ही खराब बनाई गई है। इसी पुलिया से जनकपुरी कॉलोनी के निवासियों को भी आना जाना पड़ता है, जिस पर उतरने चढ़ने के लिए गाड़ियों का बंपर लगता है बहुत ऊंची पुलिया बनाए जाने पर नगर निगम के जेई की जांच कराने की भी मांग की है। जिलाधिकारी के न मिलने पर एडीएम प्रशासन ने अपर नगर आयुक्त को आदेशित किया है कि इस पुलिया की जांच कराकर इसे ठीक कराया जाये।

## विकासखंड बसखारी के बेला परसा में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विकासखंड बसखारी के ग्राम सभा बेला परसा में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।यूपी बोर्ड इलाहाबाद में परीक्षा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का सिलसिला क्षेत्र में जारी है। इसी के तहत जनता इंटर कॉलेज बेला परसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को क्षेत्र पंचायत सदस्य ने सम्मानित किया। हाई स्कूल में राधिका (90 फीसदी), अंशिका(88 फीसदी) सौरभ (87 फीसदी) व इंटरमीडिएट में उच्च प्रदर्शन करने वाली छात्रा शालिनी (91 फीसदी)राजन विश्वकर्मा (88 फीसदी) मुस्कान ने (86 फीसदी) अंक प्राप्त किए हैं। जिनको क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने सम्मानित किया। वहीं जनता इंटर कॉलेज बेला परसा के प्रबंधक संतराम मौर्य ने उत्तीर्ण छात्रों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर बधाई दी। इस दौरान जनता इंटर कॉलेज बेला परसा के प्रबंधक संतराम मौर्य के साथ प्रधानाचार्य पवन यादव, संजय कुमार, आफ्ताब, शशि प्रताप वर्मा व अन्य स्टाफगण मौजूद रहे।

## टेंपो चालक ने महिला को हथौड़े से पीट कर किया घायल, हालत नाजुक

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। गंगानगर थाना क्षेत्र के सीएनजी पंप रोड पर एक ऑटो चालक ने महिला को हथौड़े से जमकर पीटा। घटना को अंजाम देकर आरोपी भागने लगा, हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। गंभीर हालत में लोगों ने महिला को अप्पसनोवा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हथौड़े के वार से बुरी तरह घायल हुई महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। दरअसल गंगानगर थाना क्षेत्र के रजपुरा गांव निवासी रीता मवाना रोड रक्षापुरम स्थित अप्सनोवा अस्पताल में वार्ड आया है। पिछले एक वर्ष से वह यहां काम कर रही है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट के मुताबिक रीता बुधवार को नाइट ड्यूटी पर आई थी। जो कि गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी खत्म कर चली गई। दोपहर एक बजे सीएनजी पंप रोड पर टेंपो चालक ने रीता को हथौड़े से पीटना शुरू कर दिया। वह उसे सड़क पर फैंककर भागने लगा। हड़बड़ाहट में उसका टेंपो पलट गया। लेकिन आसपास के लोगों ने टेंपो चालक को पकड़ लिया। वही गंभीर रूप से घायल रीता को अप्सनोवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। डॉक्टर के मुताबिक सिर में चोट के गहरे घाव हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। आरोपी टेंपो चालक भी रजपुरा निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

# बजाज फार्महाउस में लगी भीषण आग ऊंची लपटों और तेज धुएं को देखकर मची भगदड़

### दमकल विभाग की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर पाया काबू जहरीले धुएं की चपेट में आने से एक दमकल विभाग का कर्मचारी बेहोश पुलिस को करना पड़ा रूट डायवर्जन

### आग की लपटो को देखकर क्षेत्र में फैली दहशत व्यापारियों ने बंद की दुकानें लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक





युरेशिया संवाददाता

मेरठ।रेलवे रोड थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब बृहस्पतिवार की दोपहर को फोम के गोदाम और शोरूम में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई,चंद मिनटों में आग ने भीषण रुप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटों और तेज धुएं को देखकर भगदड़ मच गई शोरूम में मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह शोरूम से भागकर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां और थाना देहली गेट व थाना रेलवे रोड का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। दिल्ली रोड पर पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कराया दमकल विभाग की टीम ने दो घंटे की कड़ी के बाद मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बता दें कि दिल्ली रोड मेरठ का सबसे व्यस्ततम रोड है। जहां दिन भर ट्रैफिक चलता है। वहीं इस रोड पर स्थित फोम हाउस में आग लगने की सूचना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। व्यापारियों ने दुकानों को बंद करना शुरू कर दिया।वहीं इस आग में शोरूम और गोदाम में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। देवलोक कॉलोनी के रहने वाले विजय गहरा का रेलवे रोड थाना क्षेत्र स्थित केसरगंज में पुर्वा महावीर के पास बजाज फार्महाउस के नाम ? से फोम का शोरूम है। विजय ने शोरूम की ऊपरी मंजिल पर गोदाम बनाया हुआ है और उसमें भारी संख्या में फोम भरी थी। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 11रू30 बजे गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, आग की ऊंची ऊंची लपटें देखकर मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। वहीं फोम से निकल रहे जहरीले धुएं की चपेट में आने से एक दमकल विभाग का कर्मचारी बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।बजाज फार्महाउस के मालिक विजय गेरा ने बताया कि पिछले सोमवार को उनके भाई अश्वनी गेहरा की मौत हो गई थी, जिसके चलते चार दिन से दुकान बंद थी। दोपहर के समय अचानक फॉर्म के गोदाम में आग लग गई। आग लगने से कितने रुपए का नुकसान हुआ है अभी पूर्ण रूप से इसका अंदाजा नहीं लग पाया है।

वही सीएफ्ओ संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है प्रथम दृष्टा से आग लगना सर्किट प्रकाश में आया है।

## योगी सरकार में पुलिस कांस्टेबल की दबंगई का शिकार हो रही महिलाएं कार्यवाही शून्य

# जिला अधिकारी से लेकर थाने तक पहुंचा मामला लेकिन नहीं मिला इंसाफ

### वर्दी की आड़ में मकानों पर कब्जा करने का आरोप, गर्भवती महिला के पेट में मारी लात फिर भी खुले घूम रहे आरोपी लालकुर्ती थाने में भी नहीं हुई कोई सुनवाई

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। थाना लाल कुर्ती क्षेत्र का एक ऐसा मामला सामने आया है जहां वर्दी रोब जमा कर उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न कर मकान पर अवेध कब्जा करने का प्रयास और मकान खाली ना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला यही नहीं रुका बल्कि इंसाफ के लिए दर- दर भटक रही पीड़िता के धर में घुसकर उसके परिजनों के साथ मारपीट करने सहित करीब 5 महीने की गर्भवती महिला के पेट पर लात कारी गई, इतना सब कुछ जब हो गया जबकि प्रदेश में योगी सरकार है जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस के दम पर महिला सुरक्षा की गारंटी देती है, इस मामले को लेकर करीब एक महीने पहले यानी 11 मार्च को जिला अधिकारी को भी शिकायत पत्र दिया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई ना होने की वजह से मकान पर कब्जा करने की फिराक में लगे दबंगों के हौसले इसमें बढ़ गए कि उन्होंने करीब पांच महीने की गर्भवती पीड़िता के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की और रोब जमाने के लिए उसके घर में लगभग नंगी हालत में एक व्यक्ति इन्हीं दबंगों के साथ मिलकर पीड़िता के घर में घुस गया। जिन्होंने घर के अंदर घुसने के बाद उसके परिवार वालों के साथ मारपीट की और गर्भवती महिला के पेट में लात मार दी।



पीडित रूबीना

पीड़िता का कहना है कि जब वह शिकायत लेकर लालकुर्ती थाने पहुंची तो वह मौजूद पुलिसकर्मियों ने खाना पूर्ति करते हुए पूरे दिन पीड़िता और उसके परिजनों को आरोपियों के खिलाफकार्यवाही करने के नाम पर थाने में बिठा कर रखा और शाम को यह कहकर चलता कर दिया कि धारा 151 में चालान काट देंगे। बता दें कि इस मामले में 11 मार्च 2024 को जिला अधिकारी को शिकायत पत्र देकर समीम पत्नी जरीफ निवासी निवासी 118 हंडिया मोहल्ला लालकुर्ती के द्वारा अवगत कराया गया था कि वह हंडिया मोहल्ले के इस मकान में पिछले करीब 60 वर्षों से किराए पर रह रही है। इस मकान में यह उनकी तीसरी पीढ़ी है,समीम का पति बीमार है जिनको आंखों से दिखाई नहीं देता इसी वजह से वह घरों में झाड़ू पोछा कर अपना घर चला रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात संजीव चौहान अपनी बहन रमा चौहान और संजीव के रिश्तेदार सेठी के संग मिलकर इस मकान पर कब्जा करना चाहता है। जो कि समीम और उसके परिजनों को आए दिन धमकी देता रहता है कि इस मकान से पलायन कर दो वरना जान से मरवा दूंगा।आरोप है कि सिपाही संजीव चौहान ने 9 मार्च 2024 को समय करीब शाम 4: 00 बजे अपनी बहन रमा चौहान और उसके रिश्तेदार सेठी के साथ मिलकर पीड़िता समीम के घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करी और सेठी ने पीड़िता समीम के कपड़े फाड़ दिए थे। इसी दौरान कांस्टेबल सिपाही संजीव चौहान उसकी बहन रमा चौहान और रिश्तेदार सेठी ने पीड़िता समीम के पति और बेटे दानिश के साथ मारपीट करी और जान से मारने की नीयत से रमा चौहान ने समीम का गला दबा दिया था। जिनके शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग वहां पहुंचे जिनको देखकर सभी मकान खाली न करने पर जिंदा जलाने की धमकी देकर वहां से चले गए थे। पीड़िता समीम का आरोप है कि कांस्टेबल संजीव चौहान का इस मकान से कोई लेना-देना नहीं है। वह केवल पुलिस में होने का रोब जमा कर उसके मकान के अलावा और भी गरीब लोगों के मकान पर अवैध कब्जा करता रहता है। लेकिन पीड़िता समीम द्वारा जिला अधिकारी से शिकायत कर मदद की गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर कांस्टेबल संजीव चौहान के हौसले इतने बढ़ गए कि उसने फिर से 29 अप्रैल 2024 को फिर से इसी मकान में घुसकर हमला करा दिया। इस मामले में पीड़िता रुबीना पत्नी दानिश ने थाना लालकुर्ती पहुंचकर लिखित शिकायत पत्र देते हुए अवगत कराया था कि जब वह अपने घर में अकेली थी तब दोपहर समय करीब 2:00 बजे सेठी, रमा चौहान, मन्नू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुस गए जिनके साथ मौजूद एक व्यक्ति अर्धनग्न हालत में घर में घुसकर चारपाई पर लेट गया। और पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट की गई। इस दौरान सेठी ने पड़िता रुबीना को बुरी तरह पीटा और उसका गला दबा दिया मामला यहीं नहीं रुक बल्कि सेठी ने करीब 5 महीने की गर्भवती रुबीना के पेट पर लात मार दी इस दौरान उसके चेहरे और आंख पर बुरी तरह वार किए गए और सभी ने मिलकर उसके कपड़े फाड़ दिए। जिसके शोर मचाने पर पड़ोसियों के आने के बाद यह सभी फिर से जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता रुबीना का आरोप है कि कांस्टेबल संजीव चौहान इससे पहले भी कई गरीब लोगों के मकान पर कब्जा कर चुका है, जो कि ज्यादातर मामलों में सामने ना आकर अपनी बहन रमा चौहान रिश्तेदार सेठी और अपने गुर्गों को आगे कर देता है। पीड़िता रुबीना ने बताया कि अपने साथ हुई इस वारदात के बाद वह शिकायत लेकर थाना लाल कुर्ती पहुंची लेकिन वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई बल्कि थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने पूरे दिन उसे और उसके परिजनों को थाने में बिठाकर रखा और शाम को वहां से चला कर दिया। अब देखने वाली बात यह है कि महिला सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश देने वाली योगी सरकार में उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात कांस्टेबल संजीव चौहान उसकी बहन रमा चौहान रिश्तेदार सेठी और उसके गुर्गों का आतंक यूं ही जारी रहेगा या फिर उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



घर से बाहर निकलता अर्धनग्न हालत में घर में घुसा व्यक्ति

# सुभारती विश्वविद्यालय में मई दिवस पर आयोजित हुई विशेष चर्चा

### कामगारों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में मई दिवस पर 'बदलती जलवायु में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना' विषय पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा में विद्यार्थियों ने मई दिवस के इस वर्ष के थीम पर अपने-अपने विचार रखे। इस चर्चा में बोलते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस.सी. थलेड़ी ने कहा कि आज आवश्यकता है कि कार्यस्थलों पर हम कामगारों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य के लिए भी उचित प्रबंधन करें। कोई भी राष्ट्र तभी उन्नति कर सकता है जब उसकी वर्कफोर्स सही होगी। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु में भीषण परिवर्तन हो रहा है और यह समय की जरूरत है कि हम कामगारों के लिए भी इस परिवर्तन के अनुसार ही स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करें। इस दौरान पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य राम प्रकाश तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, शैली शर्मा के साथ-साथ विभाग के विद्यार्थियों में से मोहित, निकेत, पलक, आस्था, लाएबा, सुमैया, भूमि, नितेश, मोनू, सुमन कुमार आदि ने मुख्य रूप से चर्चा में भाग लिया।



# आफत में डायरिया के मरीजों की जान

### अस्पताल में इमरजेंसी की नहीं है सुविधा, मरीज होते हैं परेशान स्टाफकी मनमानी चरम पर शिकायत की तो मरीज को कर दिया गया रेफर




युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर।भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। डायरिया, बुखार से पीड़ित बच्चों व अन्य मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में ऐसे मरीजों की भीड़ बढ़ी है। दूसरी ओर चिकित्सकों के गायब रहने से मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। पर्ची काउंटर से लेकर दवा वितरण पटल तक काफी भीड़ दिखाई देती है। महिलाएं भी पर्ची बनवाने के लिए घंटों कतार में लगी रहीं। लाखों रुपये खर्च कर संसाधन खरीदने में विभाग ने तेजी दिखाई, लेकिन इसका लाभ जनता तक पहुंचाने में उदासीनता बरती जा रही है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल जिला अस्पताल में सुविधा के अलावा स्टाफ की बढ़े है। इसके बावजूद डॉक्टरों की मनमानी के कारण जिला अस्पताल में मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।डॉक्टरों की मनमानी आए दिन सामने आती रहती है। फिर भी जिला प्रशासन को जिला अस्पताल में व्यवस्था बनाने के लिए कोई मतलब ही नहीं है। जिला अस्पताल में व्यवस्था को लेकर झांकने तक की फुर्सत कलेक्टर को नहीं है। जबकि जिला अधिकारी के आने के पश्चात दूसरे दिन ही लोअर और टीशर्ट में जिला अस्पताल का जायजा लेने गए हुए थे और वहां खामियां भी पाई गई थी।उमस लगातार बढ़ रही है। इसी के साथ संक्रामक रोग भी फैल रहा है। डायरिया, बुखार, पेट दर्द जैसी बीमारियों की चपेट में बच्चे भी आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय के सभी विभागों में मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी जाती है, लेकिन चिकित्सालय प्रशासन कोई इससे निपटने के लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं करता और इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। यदि आपके द्वारा जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर सीएमओ या सीएमएस से शिकायत कर दी तो आपका मरीज रेफर किया जा सकता है। ऐसी ही कुछ घटना मीडिया कर्मियों को जिला अस्पताल में देखने को मिली जिसमें पीड़ित के द्वारा सीएमओ के पास मौजूद चिकित्सक की शिकायत की गई। उसके पश्चात उसको रेफर कर दिया गया। इन सब समस्याओं को देखते हुए मीडिया कर्मियों द्वारा सीएमएस को फोन किया गया परंतु उनके द्वारा बताया गया कि हम लखनऊ इस समय सरकारी कार्य के उद्देश्य से आए हुए हैं तत्पश्चात सी एम ओ को फोन किया गया तो उनके द्वारा जब स्पेशलिस्ट को भेजा गया तो उनके द्वारा पीड़ित मरीज को ही रेफर कर दिया गया पीड़ित मरीज को देखने का प्रयास तक नहीं किया गया।

# अंतर्जनपदीय स्मैक तस्कर गिरफ्तार 14.55 ग्राम स्मैक बरामद



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी को स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शातिर अपराधी के पास से 14.55 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 15 लाख बताई जा रही है। बताते चलें कि अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ द्वारा चलाए जा रहे अभियान व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकार नगर सुरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन पर बसखारी निरीक्षक संत कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ गस्त पर थे। कि इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चंद्रभान चौराहा से लगभग 150 कदम दूर जलालपुर रोड कि तरफके पास एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी स्मैक बेच रहा है। पुलिस टीम ने पहुंचकर घेराबंदी शुरू करी तो पुलिस को देखकर शातिर अपराधी भागने लगा, जिसे दौड़कर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए, अभियुक्त की पहचान 24 वर्षीय मो. आकिब उर्फबिस्मिल्लाह पुत्र स्व0 मो. दिलदार निवासी मकसुदीनपुर थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़, हालपता सलाऊद्दीन गेस्ट हाउस दरगाह रसूलपुर किछौछा थाना बसखारी जनपद अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। शातिर अभियुक्त को पकड़ने में प्र0नि0 सन्त कुमार सिंह के साथ उ0नि0 त्रिवेणी सिंह, हे0का0 दीपचन्द यादव,का0 मुकेश यादव, का0 रणधीर सिंह शामिल रहे। इस संदर्भ में बसखारी प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के विरुद्ध मादक द्रव्य निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया गया है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)